Series OSS

Code No. **58/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **32** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

ECONOMICS
अर्थशास्त्र

Time allowed : 3 hours | *Maximum Marks : 100*

निर्धारित समय : 3 घण्टे | *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

(i) *All questions in both the sections are compulsory.*

(ii) *Marks for questions are indicated against each.*

(iii) *Questions No.* **1 – 5** *and* **17 – 21** *are very short-answer questions carrying* **1** *mark each. They are required to be answered in* **one sentence** *each.*

(iv) *Questions No.* **6 – 10** *and* **22 – 26** *are short-answer questions carrying* **3** *marks each. Answers to them should normally not exceed* **60** *words each.*

(v) *Questions No.* **11 – 13** *and* **27 – 29** *are also short-answer questions carrying* **4** *marks each. Answers to them should normally not exceed* **70** *words each.*

(vi) *Questions No.* **14 – 16** *and* **30 – 32** *are long-answer questions carrying* **6** *marks each. Answers to them should normally not exceed* **100** *words each.*

(vii) *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

सामान्य निर्देश :

(i) *दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

(iii) *प्रश्न संख्या* **1 – 5** *तथा* **17 – 21** *अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का* **1** *अंक है । इनका उत्तर केवल* **एक वाक्य** *में ही अपेक्षित है ।*

(iv) *प्रश्न संख्या* **6 – 10** *और* **22 – 26** *लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के* **3** *अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* **60** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या* **11 – 13** *और* **27 – 29** *भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के* **4** *अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* **70** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या* **14 – 16** *और* **30 – 32** *व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के* **6** *अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* **100** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(vii) *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।*

SECTION A

खण्ड अ

1. Define a budget line. *1*

बजट रेखा की परिभाषा दीजिए ।

2. What is meant by inferior good in economics ? *1*

अर्थशास्त्र में निम्नस्तरीय (घटिया) वस्तु का क्या अर्थ होता है ?

3. In which market form can a firm not influence the price of the product ? *1*

किस प्रकार के बाज़ार में एक फर्म उत्पाद की कीमत को प्रभावित नहीं कर सकती ?

4. Define monopoly. *1*

एकाधिकार की परिभाषा दीजिए ।

5. What can you say about the number of buyers and sellers under monopolistic competition ? *1*

एकाधिकारिक प्रतियोगिता में आप क्रेताओं और विक्रेताओं की संख्या के बारे में क्या कह सकते हैं ?

6. Explain the effect of the following on the price elasticity of demand of a commodity : *3*

   (i) Number of substitutes

   (ii) Nature of the commodity

एक वस्तु की माँग की कीमत लोच पर निम्नलिखित के प्रभाव की व्याख्या कीजिए :

   (i) प्रतिस्थापन वस्तुओं की संख्या

   (ii) वस्तु की प्रकृति

7. Explain any two causes of 'increase' in demand of a commodity. *3*

OR

Explain the inverse relationship between price and quantity demanded of a commodity.

वस्तु की माँग में 'वृद्धि' के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए ।

अथवा

एक वस्तु की कीमत और उसकी माँग-मात्रा में विपरीत सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए ।

8. A firm's average fixed cost, when it produces 2 units, is Rs. 30. Its average total cost schedule is given below. Calculate its marginal cost and average variable cost at each level of output. *3*

Output (units)	1	2	3
Average total cost (Rs.)	80	48	40

2 इकाइयों का उत्पादन करने पर एक फर्म की औसत स्थिर लागत 30 रु. है । उसकी औसत कुल लागत अनुसूची नीचे दी गई है । उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर इसकी सीमान्त लागत और औसत परिवर्ती लागत का परिकलन कीजिए ।

उत्पादन (इकाइयाँ)	1	2	3
औसत कुल लागत (रु.)	80	48	40

9. Total revenue is Rs. 400 when the price of the commodity is Rs. 2 per unit. When price rises to Rs. 3 per unit, the quantity supplied is 300 units. Calculate the price elasticity of supply. *3*

वस्तु की 2 रु. प्रति इकाई कीमत पर कुल संप्राप्ति 400 रु. है । जब कीमत बढ़कर 3 रु. प्रति इकाई हो जाती है, तो पूर्ति-मात्रा 300 इकाई हो जाती है । पूर्ति की कीमत लोच का परिकलन कीजिए ।

10. Why is the number of firms small in an oligopoly market ? Explain. *3*

अल्पाधिकार बाज़ार में फर्मों की संख्या कम क्यों होती है ? समझाइए ।

11. Explain the problem of 'how to produce'. *4*

OR

Distinguish between microeconomics and macroeconomics. Give examples.

'कैसे उत्पादन करें' की समस्या की व्याख्या कीजिए ।

अथवा

व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र में भेद कीजिए । उदाहरण दीजिए ।

12. When price of a commodity falls by Re. 1 per unit, its quantity demanded rises by 3 units. Its price elasticity of demand is (–)2. Calculate its quantity demanded if the price before the change was Rs. 10 per unit. *4*

जब एक वस्तु की कीमत 1 रु. प्रति इकाई घटती है, तो इसकी माँग-मात्रा 3 इकाई बढ़ जाती है । इसकी माँग की कीमत लोच (–)2 है । कीमत में परिवर्तन से पूर्व 10 रु. प्रति इकाई कीमत पर इसकी माँग-मात्रा का परिकलन कीजिए ।

13. How does the equilibrium price of a 'normal' commodity change when income of its buyers falls ? Explain the chain of effects. *4*

एक 'सामान्य' वस्तु की संतुलन कीमत में, उसके क्रेताओं की आय कम होने से, कैसे परिवर्तन आता है ? होने वाले प्रभावों की श्रृंखला समझाइए ।

14. State whether the following statements are *true* or *false*. Give reasons for your answer : *6*

(i) When marginal revenue is constant and not equal to zero, then total revenue will also be constant.

(ii) As soon as marginal cost starts rising, average variable cost also starts rising.

(iii) Total product always increases whether there is increasing returns or diminishing returns to a factor.

अपने उत्तर के लिए कारण देते हुए बताइए कि निम्नलिखित कथन *सही* हैं या *गलत* :

(i) जब सीमान्त संप्राप्ति स्थिर होती है और शून्य नहीं होती, तो कुल संप्राप्ति भी स्थिर होगी ।

(ii) जैसे ही सीमान्त लागत बढ़ने लगती है, औसत परिवर्ती लागत भी बढ़ने लगती है ।

(iii) चाहे कारक के ह्रासमान प्रतिफल हों या वर्धमान प्रतिफल हों, कुल उत्पाद हमेशा बढ़ता है ।

15. What are the conditions of consumer's equilibrium under the indifference curve approach ? What changes will take place if the conditions are not fulfilled to reach equilibrium ? *6*

अनधिमान वक्र विधि के अन्तर्गत उपभोक्ता के संतुलन की शर्तें क्या हैं ? यदि ये शर्तें पूरी नहीं होतीं तो संतुलन तक पहुँचने में क्या परिवर्तन होंगे ?

16. From the following schedule find out the level of output at which the producer is in equilibrium, using marginal cost and marginal revenue approach. Give reasons for your answer. *6*

Price per unit (Rs.)	Output (units)	Total cost (Rs.)
8	1	6
7	2	11
6	3	15
5	4	18
4	5	23

OR

Explain the law of returns to a factor with the help of total product and marginal product schedule.

नीचे दी गई अनुसूची से उत्पादन का वह स्तर ज्ञात कीजिए जिस पर उत्पादक संतुलन की स्थिति में है । सीमान्त लागत और सीमान्त आगम विधि का प्रयोग करें । अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए ।

कीमत प्रति इकाई (रु.)	उत्पादन (इकाई)	कुल लागत (रु.)
8	1	6
7	2	11
6	3	15
5	4	18
4	5	23

अथवा

कुल उत्पाद और सीमान्त उत्पाद अनुसूची की सहायता से एक कारक के प्रतिफल के नियम की व्याख्या कीजिए ।

SECTION B

खण्ड ब

17. Give the meaning of money. *1*

मुद्रा का अर्थ बताइए ।

18. What is meant by revenue deficit ? *1*

राजस्व घाटे का क्या अर्थ होता है ?

19. What is ex-ante aggregate demand ? *1*

प्रत्याशित समस्त माँग क्या होती है ?

20. Give the meaning of inflationary gap. *1*

स्फीतिक अन्तराल का अर्थ बताइए ।

21. State two sources of demand for foreign exchange. *1*

विदेशी विनिमय की माँग के दो स्रोत बताइए ।

22. Distinguish between real and nominal gross domestic product. *3*

OR

Giving reasons, classify the following into intermediate and final goods :

(i) Machines purchased by a dealer of machines.

(ii) A car purchased by a household.

वास्तविक और मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद में भेद कीजिए ।

अथवा

कारण बताते हुए, निम्नलिखित को मध्यवर्ती और अन्तिम वस्तुओं में वर्गीकृत कीजिए :

(i) मशीनों के व्यापारी द्वारा खरीदी गई मशीनें ।

(ii) एक परिवार द्वारा खरीदी गई कार ।

23. Explain the 'banker to the government' function of the central bank. *3*

केन्द्रीय बैंक के 'सरकार के बैंकर' के कार्य की व्याख्या कीजिए ।

24. Explain the allocation function of a government budget. *3*

सरकारी बजट के आबंटन (नियतन) कार्य की व्याख्या कीजिए ।

25. Distinguish between autonomous and accommodating transactions of balance of payments account. *3*

भुगतान संतुलन खाते के स्वायत्त और समायोजित संव्यवहारों में भेद कीजिए ।

26. Giving two examples, explain why there is a rise in demand for a foreign currency when its price falls. *3*

दो उदाहरण देते हुए समझाइए कि विदेशी मुद्रा की कीमत घटने पर उसकी माँग क्यों बढ़ती है ।

27. How does a commercial bank create money ? *4*

OR

Explain how do 'open market operations' by the central bank affect money creation by commercial banks.

व्यावसायिक बैंक मुद्रा का निर्माण कैसे करता है ?

अथवा

केन्द्रीय बैंक की 'खुली बाज़ार कार्रवाई' व्यावसायिक बैंकों द्वारा किए जाने वाले मुद्रा निर्माण को कैसे प्रभावित करती है ? समझाइए ।

28. Giving reasons, state whether the following statements are *true* or *false* : *4*

(i) When marginal propensity to consume is zero, the value of investment multiplier will also be zero.

(ii) Value of average propensity to save can never be less than zero.

कारण देते हुए बताइए कि निम्नलिखित कथन *सही* हैं या *गलत* :

(i) जब सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति शून्य होती है, तो निवेश गुणक का मूल्य भी शून्य होगा ।

(ii) औसत बचत प्रवृत्ति का मूल्य कभी भी शून्य से कम नहीं हो सकता ।

29. Distinguish between : *4*

(i) Capital expenditure and Revenue expenditure

(ii) Fiscal deficit and Primary deficit

निम्नलिखित में भेद कीजिए :

(i) पूँजीगत व्यय और राजस्व व्यय

(ii) राजकोषीय घाटा और प्राथमिक घाटा

30. How will you treat the following while estimating national income of India ? Give reasons for your answer. *6*

(i) Dividend received by a foreigner from investment in shares of an Indian company.

(ii) Profits earned by a branch of an Indian bank in Canada.

(iii) Scholarship given to Indian students studying in India by a foreign company.

OR

Explain the problem of double counting in estimating national income, with the help of an example. Also explain two alternative ways of avoiding the problem.

भारत की राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय आप निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार करेंगे ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए ।

(i) एक विदेशी को एक भारतीय कम्पनी के अंशों में किए गए निवेश से प्राप्त लाभांश ।

(ii) कनाडा में एक भारतीय बैंक की शाखा द्वारा अर्जित लाभ ।

(iii) एक विदेशी कम्पनी द्वारा भारत में पढ़ रहे भारतीय विद्यार्थियों को दी गई छात्रवृत्ति ।

अथवा

राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने में आने वाली दोहरी गणना की समस्या एक उदाहरण देकर समझाइए । इस समस्या से बचने के दो वैकल्पिक उपाय भी बताइए ।

31. In an economy the equilibrium level of income is Rs. 12,000 crore. The ratio of marginal propensity to consume and marginal propensity to save is 3 : 1. Calculate the additional investment needed to reach a new equilibrium level of income of Rs. 20,000 crore. *6*

एक अर्थव्यवस्था में आय का संतुलन स्तर 12,000 करोड़ रु. है । सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति और सीमान्त बचत प्रवृत्ति का अनुपात 3 : 1 है । 20,000 करोड़ रु. आय के नए संतुलन स्तर पर पहुँचने के लिए आवश्यक अतिरिक्त निवेश का परिकलन कीजिए ।

32. Calculate (a) Gross domestic product at market price, and (b) Factor income from abroad from the following data : *3+3=6*

		(Rs. in crores)
(i)	Profits	500
(ii)	Exports	40
(iii)	Compensation of employees	1,500
(iv)	Gross national product at factor cost	2,800
(v)	Net current transfers from rest of the world	90
(vi)	Rent	300
(vii)	Interest	400
(viii)	Factor income to abroad	120
(ix)	Net indirect taxes	250
(x)	Net domestic capital formation	650
(xi)	Gross fixed capital formation	700
(xii)	Change in stock	50

निम्नलिखित आँकड़ों से (अ) बाज़ार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद, और (ब) विदेशों से कारक आय का परिकलन कीजिए :

		(रु. करोड़ों में)
(i)	लाभ	500
(ii)	निर्यात	40
(iii)	कर्मचारियों का पारिश्रमिक	1,500
(iv)	कारक लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद	2,800
(v)	शेष विश्व से निवल चालू अंतरण	90
(vi)	किराया	300
(vii)	ब्याज	400
(viii)	विदेशों को कारक आय	120
(ix)	निवल अप्रत्यक्ष कर	250
(x)	निवल घरेलू पूँजी निर्माण	650
(xi)	सकल स्थायी पूँजी निर्माण	700
(xii)	स्टॉक में परिवर्तन	50